**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**भारत सरकार**

**संदर्भ संख्या 21 -0 4 /20 20 -आईटी**

**सर्ट-इन पैनल में शामिल एजेंसियों द्वारा निम्नलिखित पोर्टलों के लिए सुरक्षित लेखा परीक्षा करने के लिए निविदा**

(i) सीएमएस पोर्टल http://cms.trai.gov.in

(ii) मायकॉल पोर्टल http://mycall.trai.gov.in

(iii) लिंक शॉर्टनर पोर्टल http://link.trai.gov.in

सं. 21-04/2020-आईटी                    दिनांकः 28 मई, 2020

सेवा में,

सभी सर्ट-इन पैनल में शामिल एजेंसियां

विषयः **<u>सर्ट-इन पैनल में शामिल एजेंसियों द्वारा निम्नलिखित पोर्टलों के लिए सुरक्षित लेखा परीक्षा करने के लिए निविदा</u>**

(i) सीएमएस पोर्टल http://cms.trai.gov.in

(ii) मायकॉल पोर्टल http://mycall.trai.gov.in

(iii) लिंक शॉर्टनर पोर्टल http://link.trai.gov.in

1. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की स्थापना दूरसंचार सेवाओं के शुल्क निर्धारण / संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने के लिए, जो काम पहले केन्द्रीय सरकार करती थी, संसद के एक अधिनियम द्वारा 20 फरवरी 1997 से की गई थी, जिसे भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 कहा जाता है। भादूविप्रा की वेबसाइट https: / / trai.gov.in है। भादूविप्रा वर्तमान में महानगर दूरसंचार भवन (ज़ाकिर हुसैन कॉलेज के बगल में), जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड), नई दिल्ली: 110 002 में स्थित है।

2.1 दूरसंचार से संबंधित उपभोक्ता शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए, भादूविप्रा ने एक ऑनलाइन उपभोक्ता निगरानी प्रणाली (सीएमएस) पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल वर्तमान में https: cms.trai.gov.in.पर उपलब्ध है।

2.2 इस पोर्टल के माध्यम से भादूविप्रा के मायकॉल एप के माध्यम से प्रयोक्ताओं से एकत्रित वॉयस कॉल क्वालिटी फीडबैक रेटिंग्स का पता

लगाया जा सकता है। यह पोर्टल णायकॉल ऐप के माध्यम से एकत्रित रेटिंग के डेटा विज़ुअलाइज़ेशन के लिए मानचित्र आधारित दृश्य प्रदान करता है। प्रयोक्ता मायकॉल ऐप डाउनलोड करके अपने वॉयस कॉल की गुणवत्ता का अनुभव कर सकते हैं।

2.3 यह पोर्टल वर्तमान में http: m call.trai.gov.in पर उपलब्ध है।

भादूविप्रा प्रयोक्ता नाम के साथ लिंक पर जल्दी पहुंच सकते हैं। यह पोर्टल वर्तमान में http: link.trai -gov.in पर उपलब्ध है।

3. उपरोक्त पोर्टल्स के सुरक्षित लेखा परीक्षा हेतु सर्ट-इन पैनल में शामिल सूची से भादूविप्रा की ओर से सीलबंद बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
4. आवश्यक दस्तावेजों के साथ सभी तरह से परिपूर्ण भरी गई निविदाएं वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी-आईटी, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन (ज़ाकिर हुसैन कॉलेज के बगल में), जवाहरलाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड) नई दिल्ली: 110 002, को भेजा जाए, ताकि निविदा 23.06.2020 को 15:00 बजे या उससे पहले प्राप्त हो सके।
5. निविदाएं उस तारीख को यानी 23.06.2020 को 15:30 बजे भादूविप्रा कार्यालय, नई दिल्ली में बोली लगाने वालों, जो स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से उपस्थित होना चाहते हैं, की उपस्थिति में खोली जाएंगीं।
6. अनुबंध- I के रूप में विस्तृत निबंधन और शर्तें, अनुबंध- II के रूप में कार्यक्षेत्र, अनुबंध- III के रूप में मूल्य बोली प्रस्तुत करने के लिए प्रारूप और अनुबंध- IV के रूप में बोलीदाता का विवरण इस निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न हैं और भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

हस्ताक्षर/XXXXXXX

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (आई टी)

दिनांक: 28 ) 05/2020

**परिशिष्ट-I**

# निबंधन और शर्तें

1. सीएमएस पोर्टल को एनआईसी सर्वर पर होस्ट किया जाएगा, इसलिए सुरक्षा लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र एनआईसी मानकों के अनुपालन में होना चाहिए। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे बोली लगाने से पहले एनआईसी मानकों को भलीभांति समझ लें। अन्य दो पोर्टल्स को एडब्ल्यूएल क्लाउड पर होस्ट किए जाएंगे।
2. **पात्रता मानदंड**

   क. बोलीदाता को सीईआरटी-इन के पैनल में सम्मिलित वैध लेखा परीक्षक होना चाहिए, जिसके पास एक वैध पैनल में शामिल होने का प्रमाण पत्र होना चाहिए। वैध सीईआरटी-इन पैनल में शामिल होने संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

   ख. फर्म का जीएसटी पंजीकरण का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त पात्रता मानदंड को पूरा न करने वाले / अपेक्षित दस्तावेजी साक्ष्यों के बिना प्रस्तुत निविदाओं को खारिज किया जाएगा।
3. बोली किसी सीलबंद लिफाफे में होनी चाहिए, जिसके ऊपर "सीएमएस पोर्टल / मायकॉल & लिंक शॉर्टर पोर्टल की सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए बोली" लिखा होना चाहिए।
4. प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों पर आधिकारिक मुहर के साथ हस्ताक्षर होने चाहिए।
5. **बोली वैधता की अवधि**

   बोली खोलने की तिथि से 90 दिनों के लिए बोली मान्य रहेगी। निर्दिष्ट अवधि से कम अवधि के लिए मान्य कोई भी बोली गैर-उत्तरदायी के रूप में खारिज कर दी जाएगी।
6. **अंतिम तिथि और बोलियों की प्राप्ति के लिए समय**

   **बोलियों की प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय 23 जून, 2020 को 15:00 बजे तक है। उसी दिन 15:30 बजे बोलियां खोली जाएंगी।**
7. **निविदा जमा करना:**

   पूर्ण की गई बोलियाँ व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत की जा सकती हैं या वैकल्पिक रूप से बोलियाँ रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी-आईटी, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन (ज़ाकिर हुसैन कॉलेज के बगल में), जवाहरलाल नेहरू मार्ग, ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली- 110 002 के पते पर भेजी जा सकती हैं ताकि बोली निर्धारित समय और तारीख तक पहुंच जाए।

8. **विलंब से प्राप्त निविदा**

निविदा में किसी प्रकार का विलंब, चाहे वह डाक में विलंब की वजह से ही क्यों न हुआ हो, विलंब से प्राप्त निविदा समझी जाएगी और उसे खारिज कर दिया जाएगा। ऐसी निविदाएं, जो स्वागत कार्यालय में दी गई हों, या किसी अन्य काउंटर पर या कमरे में या किसी व्यक्ति को जो भादूविप्रा द्वारा अधिकृत व्यक्ति नहीं है, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. **निविदा की भाषा**

बोलीदाता द्वारा  तैयार की गई निविदाएं और  निविदा से संबंधित दस्तावेज, जोबोलीदाता और भादूविप्राके बीच आदान प्रदान हुए हों, वह हिंदी / अंग्रेजी भाषा में लिखा होगा,परन्तु यह कि बोलीदाता द्वारा दिया गया मुद्रित साहित्य किसी अन्य भाषा में लिखा हो सकता है, परन्तु उसके साथ हिंदी / अंग्रेजी अनुवाद होना चाहिए, ऐंसे मामले में निविदा के भाषातंरण के प्रयोजनार्थ हिंदी/ अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

10. **बोली मूल्य**

क)  बोली की कीमतों को केवल भारतीय रुपए में दिया जाएगा।

ख) सभी करों, शुल्को,  लागू प्रभारों आदि को स्पष्ट रूप से लिखा जाएगा।

ग) उद्धृत मूल्य अंतिम होने चाहिए और बोली की वैधता की पूरी अवधि के दौरान स्थिर रहेंगे और किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी  के अध्यधीन नहीं होंगे।

घ) बोलीदाता स्पष्ट / दृश्यमान अंकों  के साथ-साथ शब्दों में अपनी दरों का उल्लेख करेगा और दिए गे मूल्यों में किसी तरह से परिवर्तन / लेखन की पुन्नरावृति / काट-छांट नहीं करेगा।

11. **बोली का मूल्यांकन**

क) पात्रता मानदंड के मूल्यांकन के दौरान, बोलीदाता के विवरण का इस निविदा दस्तावेज में वर्णित आवश्यक पात्रता मानदंड के संदर्भ में मूल्यांकन किया जाएगा और बाद में केवल पात्र बोलीदाताओं की बोलियों पर विचार किया जाएगा।

ख) बोली मूल्य का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाएगा:

i) यदि शब्दों और अंकों में लिखी राशि के बीच कोई विसंगति होती है, तो शब्दों में लिखी गई राशि मान्य होगी।

ii) यदि बोलीदाता उपरोक्त से संबंधित त्रुटियों में सुधार को स्वीकार नहीं करता है, तो बोली खारिज कर दी जाएगी।

ग) वह बोलीदाता, जिसका मूल्यांकित मूल्य सबसे कम (एल-1) पाया जाता है, तो उसके नाम पर भादूविप्रा की वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए अनुबंध देने पर विचार किया जाएगा।

12. **भुगतान की शर्तें:**

क) काम के सफल समापन, आवश्यक प्रमाण पत्र / दस्तावेज / भादूविप्रा को रिपोर्ट और प्राप्ति पूर्व रसीद बिल को तीन प्रतियों को प्रस्तुत करने के बाद भुगतान जारी किया जाएगा ।

ख) कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

ग) मूल्य भिन्नता / वृद्धि के कारण किए जाने वाले किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

घ) देरी से किए गए भुगतान के मामले में प्राधिकरण द्वारा ब्याज के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

13. **किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने के संबंध में भादूविप्रा का अधिकार**

**भादूविप्रा** के पास किसी भी बोली को स्वीकार करने या अस्वीकार करने और निविदा प्रक्रिया को रद्द करने और प्रभावित बोलीदाता या बोलीदाताओं को सूचित करने के लिए कोई दायित्व या कारणों के बारे में उन्हें सूचित करने के लिए कोई दायित्व के बिना अनुबंध देने से पहले किसी भी समय सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

14. **अप्रत्याशित घटना**

क) " अप्रत्याशित घटना " का अर्थ लेखा परीक्षक के नियंत्रण से परे कोई घटना है जिसमें लेखा परीक्षक की गलती या लापरवाही नहीं होती है और उसका अनुमान नहीं किया जा सकता है। इस तरह की घटनाओं में आग, विस्फोट, बाढ़, भूकंप, हडताल, युद्ध या क्रांतियाँ आदि शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

ख) कार्य निष्पादन की अवधि अप्रत्याशित घटना के कारण बढ़ाई जा सकती है। अनुबंध कार्य के लिए समय विस्तार प्राप्त करने में सक्षम होने के लिए लेखा परीक्षक तुरंत लोखा परीक्षा करवाने वाले को इस तरह की घटना के बारे में घटना घटने के एक सप्ताह के भीतर और आवश्यक दस्तावेज जैंसे चैम्बर ऑफ कामर्स या इस तरह के अन्य सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें

अनुबंध के निष्पादन पर ऐंसी घटना के प्रभाव के दायरे का उल्लेख करेगा और यह स्थापित करेगा कि वह ऐंसी घटना की वजह से होने वाली विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं है।

ग) **संविदा को नियंत्रित करने वाले कानून**: - यह अनुबंध समय-समय पर लागू भारत के कानूनों द्वारा शासित होगा।

घ) **न्यायालयों का क्षेत्राधिकार**: इस अनुबंध के संबंध में या उससे उत्पन्न किसी भी विवाद को निपटाने का अधिकार क्षेत्र केवल दिल्ली की अदालतों में होगा।

15. **मध्यस्थता:**

निविदा आमन्त्रित करने वाली इस सूचना से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के मामले में या इससे संबंधित किसी भी समझौते या इसके कार्यान्वयन के किसी भी तरीके या उक्त समझौते से जुड़े या संबंधित किसी भी निबंधन और शर्तों से संबंधित किसी भी स्थिति में मामला भादूविप्रा के सचिव को भेजा जाएगा जो स्वयं माध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकते हैं भादूविप्रा के किसी अधिकारी को एकमात्र माध्यस्थ के रूप में नामित कर सकते हैं, चाहे ऐंसा अधिकारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समझौते से ही क्यों न जुड़ा हो। भादूविप्रा के एकमात्र माध्यस्थ के रूप में इस तरह की नियुक्ति के लिए बोलीदाता / लेखा परीक्षक किसी भी तरह की आपत्ति करने का हकदार नहीं होगा। माध्यस्थ का निर्णय अंतिम होगा और मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अधीन अंतिम और बाध्यकारी होगा। मध्यस्थता का स्थान नई दिल्ली होगा और मध्यस्थता की भाषा केवल अंग्रेजी होगी।

**परिशिष्ट-II**

## <u>सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए कार्य का दायरा</u>

1. भादूविप्रा वेब आधारित पोर्टल है जिसका यूआरएल http://cms.trai.gov.in., http://mycall.trai.gov.in. और http://link.trai.gov.in है। यह पोर्टल वर्तमान में एडब्ल्यूएस सर्वर से चलता है और सुरक्षा लेखा परीक्षा के बाद यह एन आई सी के क्लाउड सर्वर से चलेगा।
2. लेखा परीक्षक से आशा की जाती है कि वह उपर्युक्त वेब आधारित पोर्टलों में इंटरनेट खामियों के मूल्यांकन और गहन परीक्षण करके, जिसमें उपचारिक हल ढूंढना और सभी पहचान किए गए जोखिमों को कम करना शामिल है, उसमें मौजूद खामियों, खतरों और जोख्मो का मूल्यांकन करेगा ताकि वेबसाइट की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।
3. वेबसाइट / पोर्टललेखा परीक्षा उद्योग मानकों का प्रयोग करके और ओपन वेब एप्लीकेशन सिक्योरिटी प्रोजेक्ट (OWASP) पद्धति के अनुसार किया जाना चाहिए।
4. सुरक्षा लेखा परीक्षा के दौरान, यदि कोई चूक पाई जाती है, तो उसके बारे में लेखा परीक्षक द्वारा भादूविप्रा को बता दिया जाएगा ताकि एप्लिकेशन / पोर्टल कोएनआईसी सर्वर पर होस्टिंग के लिए पूरी तरह से सुरक्षित किया जा सके।

5. आवेदन / पोर्टल की लेखा परीक्षा एनआईसी लेखा परीक्षा के दिशानिर्देशों के अनुरूप की जानी चाहिए। वेबसाइट के सफल सुरक्षा लेखा परीक्षा के बाद, लेखा परीक्षक से सुरक्षा लेखा परीक्षा रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से यह उल्लिखित करना चाहिए कि सभी वेब पेज संबंधित लिंक्ड डेटा फाइलों सहित सभी/ डॉक / एक्स एल एस इत्यादि प्रारूपों में),सभी स्क्रिप्ट और छवि फाइलें किसी भी तरह से भेद्यता या मैलीसियस कोड से मुक्त हैं ताकि उसका फायदा उक्त वेबसाइट को चलाने वाले वेबसर्वर प्रणाली में उन्नत विशेषाधिकार के साथ अनधिकृत पहुंच प्राप्त करने में न उठाया जा सके।

**6. लेखा परीक्षा वातावरणः**

जिन पोर्टलों के यू आर एल को लेखा परीक्षा किए जाने की जरूरत है, वे निम्नलिखित हैं।

(i) सी एम एस पोर्टल http://cms.trai.gov.in.,

(ii) मायकॉल पोर्टल http://mycall.trai.gov.in.

(iii) लिंक शॉर्टर्नर पोर्टल http://link.trai.gov.in

चयनित लेखा परीक्षक लेखा परीक्षा के प्रयोजनार्थ यदि कोई टेस्टिंग टूल्स होगा तो उसकी आपूर्ति/स्थापित करेगा और यह उसकी जिम्मेदारी होगी।

7. <u>चयनित लेखा परीक्षक की जिम्मेदारीः</u>

चयनित लेखा परीक्षक https://cms.trai.gov.in https://mycall.trai.gov.in और http://link.trai.gov.in की निम्नलिखित सुरक्षा लेखा परीक्षा करेगाः

i. भादूविप्रा की केवल स्पष्ट लिखित अनुमति से संभावित संवेदनशील सेवाओं की जांच करेगा।

ii. जब भी लेखा परीक्षा योजना / स्रोत जांच स्थल में कोई बदलाव होता है/अधिक जोखिम का पता चलता है या कोई जांच संबंधी समस्या होती है तो इस बारे में भादूविप्रा को सूचित करेगा।

iii. लेखा परीक्षा के लिए प्रलेखन और सूचना देने संबंधी आवश्यकताओं के लिए जिम्मेदार होगा।

iv. कार्य- I: वेब सुरक्षा लेखा परीक्षा / मूल्यांकन।

v. कार्य -2: कार्य -1 द्वारा संस्तुत सूचना के आधार पर दुबार लेखा परीक्षा करना।

vi. सफल सुरक्षा लेखा परीक्षा किए जाने पर, एनआईसी मानदंडों के अनुसार वेबसाइट के लिए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा जिसमें यह उल्लेख करेगा कि एप्लिकेशन/वेबसाइट एनआईसी सर्वर jपर होस्टिंग के लिए सुरक्षित है।

**8. लेखा परीक्षा रिपोर्टः**

लेखा परीक्षक ओडब्ल्यूएएसपी के अनुसार खामियों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और कार्य-1 के पूरा होने के बाद कार्रवाई के लिए सिफारिशें करेगा । अंतिम औपचारिक आईटी सुरक्षा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन लेखा परीक्षा के सभी कार्यों के पूरा होने के बाद लेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में निम्नलिखित होना चाहिए:

i. लेखा परीक्षा कराने वाले की पहचान (पता & संपर्क जानकारी)

ii. लेखा परीक्षा की तारीखें और स्थान (कार्य-1 और कार्य -2)

iii. विचारार्थ विषय (जैसा कि लेखा परीक्षा कराने वाले और लेखा परीक्षक के बीच सहमति व्यक्त की गई है), लेखा परीक्षा के लिए मानकों सहित, यदि कोई हो

iv. लेखा परीक्षा योजना

v. नीति और प्रक्रिया दस्तावेज, यदि कोई हों, प्रमुख लेखा परीक्षा कराने वाले संगठन के दस्तावेजों (दिनांक या संस्करण के माध्यम से) का स्पष्ट संदर्भ।

vi. अतिरिक्त अनिवार्य या स्वैच्छिक मानक या लेखा परीक्षक कराने वाले के लिए लागू विनियम।

vii. अंकन परीक्षण, उपयोग किए गए उपकरण, और किए गए परीक्षणों के परिणाम सहित लेखा परीक्षा निष्कर्षों का सारांश

viii. खामियों और सरोकारों के मुद्दों का विश्लेषण

ix. कार्यवाही के लिए सिफारिशें

x. किसी भी प्रशिक्षुओं की पहचान सहित लेखा परीक्षा में शामिल कार्मिक। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में सभी अज्ञात को स्पष्ट रूप से अज्ञात के रूप में चिह्नित करना शामिल होना चाहिए।

**9. भादूविप्रा की जिम्मेदारियां:**

i. लेखा परीक्षक खामियों के बारे में रिपोर्ट भादूविप्रा को सौंपेगा जो कि लेखा परीक्षक द्वारा बतायी गई खामियां, यदि कोई हों, को दूर करने के लिए ज़िम्मेदार होगा। खामियों को दूर करने के बाद भादूविप्रा इसकी पुष्टि लेखा परीक्षक को भेजेगा जिसमें यह उल्लेख किया जाएगा कि लेखा परीक्षक द्वारा बताई गई खामियों को हटा दिया गया है।

ii. भादूविप्रा द्वारा ऐसी खामियों को दूर करने के बाद लेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा का दूसरा दौर आयोजित करेगा।

iii. भादूविप्रा लेखा परीक्षा / परीक्षण के दौरान किसी भी असामान्य या बड़े बदलाव को करने से परहेज करेगा। यदि आवश्यक हो, तो विशेष परीक्षण के लिए, जैसा कि उपर्युक्त खंड 'लेखा परीक्षा वातावरण' में उल्लिखित है, लेखा परीक्षा कराने वाला लेखा परीक्षक को आवश्यक पहुंच प्रदान कर सकता है ।

10. **गोपनीयता:**

सौंपे गए कार्य से संबंधित सभी दस्तावेज, सूचनाएं और प्रतिवेदन को संभाले रखा जाएगा और एकदम गोपनीय रखा जाएगा तथा किसी लेखा परीक्षक द्वारा किसी भी तरीके से साझा / प्रकाशित / आपूर्ति या वितरित नहीं किया जाएगा।

**11. एप्लिकेशन्स के तकनीकी विवरण निम्नलिखित हैं:**

**सीएमएस पोर्टल**

| **क्रम सं.** | **मानदंड/उपर्युक्त पोर्टल के बारे में सूचना** | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1. | वेब अप्लिकेशन का नाम और यूआरएल | सीएमएस पोर्टलः http://cms.trai.gov.in |
| 2. | प्रचालन प्रणाली व्यौरे (अर्थात विंडोज-2003, लाइनक्स, ए आई एक्स, सोलरीज इत्यादि) | विन्डोज |
| 3. | संस्करण के साथ एप्लिकेशन सर्वर (अर्थात IIS 5.0, अपाचे, टोमकैट. इत्यादि) | सेन्ट ओएस7, सॉफ्टवेयर & सेस्करण-अपाचे 2+पीएचपी 5.4 - pebe 8 |
| 4. | फंट अंड टूल (सर्वर साइड स्क्रिप्टस) (अर्थात एएसपी, एएसपी नेट, जे एसपी, पीएचपी इत्यादि) | पीएचपी |
| 5. | बैक अंड डेटाबेस (एमएस-एसक्यूएल सर्वर, पोस्टग्रे एसक्यूएल, औरेकल इत्यादि) | पोस्टग्रे एसक्यूएल |
| 6. | विभिन्न भूमिकाओं ते लिए प्राधिकृत भूमिकाओं की संख्या और विशेषाधिकारों के प्रकार | 1. भादूविप्रा- सभी टीएसपी के लिए रिपोर्ट देख सकते हैं<br>2. टीएसपी-अपनी स्वयं की रिपोर्ट देख सकते हैं<br>3. प्रयोक्ता/मोबाइल सं. |
| 7. | क्या साइट में कोई विषय प्रबंधन मॉड्यूल (सीएमएस) है, (यदि हां तो कौनसा?) | शून्य |
| 8. | इनपुट प्रपत्रों की संख्या | 1(प्रयोक्ता जोड़ने/संपादित करने के लिए) |
| 9. | इनपुट फील्ड की संख्या (लगभग) | 4 |
| 10. | लॉगिन मॉड्यूल की संख्या | 2 (टिएसपी पोर्टल और भादूविप्रा पोर्टल लॉगिन) |
| 11. | क्या इसमें कोई भुगतान का गेटवे है? | नहीं |
| 12. | वेब सेवाओं की संख्या, यदि कोई है | 5 |

**माय कॉल पोर्टल के लिए**

| क्रम सं. | मानदंड/वेबसाइट के बारे में सूचना | प्रतिक्रिया |
|---|---|---|
| 1. | वेब एप्लिकेशन का नाम और यूआरएल | http://mycall.trai.gov.in/vcm/dashboard |
| 2. | प्रचालन प्रणाली का व्यौरा (जैंसे विंडो-2003, लाइनक्स,एआईएक्स,सोलरिस इत्यादि) | लाइनक्स |
| 3. | सेस्करण के साथ एप्लिकेशन सर्वर (जैंसे आईआईएस5.0, अपाचे,टॉमकैट इत्यादि) | एनजीनिक्स, रैबिटएमक्यू,यूडब्ल्यूएसजीआ,सिलेरी |
| 4. | फ्रंटअंड टूल (सर्वर-साइड स्क्रिप्ट) (एएसपी, एएसपी.नेट,जेएसपी, पीएचपी इत्यादि) | एचटीएमएल5,सीएसएस3, जेक्वैरी, बूट्स्टरैप,गूगल मैप्स और चार्ट, हाई चार्ट |
| 5. | बैक अंडडेटाबेस (एमएस-एसक्यूएल सर्वर, पोस्टग्रीएसक्यूएल, औरैकल इत्यादि) | मायएसक्यूएल |
| 6. | विभिन्न भूमिकाओं के लिए भूमिकाओं की प्राधिकार सं.और विशेषाधिकार के प्रकार | शून्य |
| 7. | क्या साइट में कोई विषय प्रबंधन मॉड्यूल (सीएमएस) है, (यदि हां तो कौनसा?) | नहीं |
| 8. | इनपुट प्रपत्रों की संख्या | शून्य |
| 9. | इनपुट फील्ड की संख्या (लगभग) | शून्य |
| 10. | लॉगिन मॉड्यूल की संख्या | शून्य |
| 11. | क्या इसमें कोई भुगतान का गेटवे है? | शून्य |
| 12. | वेब सेवाओं की संख्या, यदि कोई है | शून्य |

**लेक शॉर्टनर पोर्टल के लिए**

| क्रम सं. | मानदंड/वेबसाइट के बारे में सूचना | प्रतिक्रिया |
|---|---|---|
| 1. | वेब एप्लिकेशन का नाम और यूआरएल | http://link.trai.gov.in/ |
| 2. | प्रचालन प्रणाली का व्यौरा (जैंसे विंडो-2003, लाइनक्स,एआईएक्स,सोलरिस इत्यादि) | लाइनक्स |
| 3. | सेस्करण के साथ एप्लिकेशन सर्वर (जैंसे आईआईएस5.0, अपाचे,टॉमकैट इत्यादि) | टॉमकैट 9, जावा 11 |
| 4. | फ्रंटअंड टूल (सर्वर-साइड स्क्रिप्ट) (एएसपी, एएसपी.नेट,जेएसपी, पीएचपी इत्यादि) | जावा, जेएसपी |
| 5. | बैक अंडडेटाबेस (एमएस-एसक्यूएल सर्वर, पोस्टग्रीएसक्यूएल, औरैकल इत्यादि) | पोस्टग्रीएसक्यूएल |
| 6. | विभिन्न भूमिकाओं के लिए भूमिकाओं की प्राधिकार सं.और विशेषाधिकार के प्रकार | 1. भादूविप्रा-प्रयोक्ता के नाम के साथ लिंक के साथ कर सकते हैं।<br>2. दूसरे- लॉगिन के बिना कर सकते हैं। |
| 7. | क्या साइट में कोई विषय प्रबंधन मॉड्यूल (सीएमएस) है, (यदि हां तो कौनसा?) | नहीं |
| 8. | इनपुट प्रपत्रों की संख्या | 4 (एड/शॉर्ट/पास/लॉगिन) |
| 9. | इनपुट फील्ड की संख्या (लगभग) | 15-20 |
| 10. | लॉगिन मॉड्यूल की संख्या | 2 (बादूविप्रा और एडमिन) |
| 11. | क्या इसमें कोई भुगतान का गेटवे है? | नहीं |
| 12. | वेब सेवाओं की संख्या, यदि कोई है | 0 |

**12. परिदेय और लेखा परीक्षा प्रतिवेदनः**

उपर्युक्त वेब एप्लिकेशन की लेखा परीक्षा के बाद सफल बोलीदाता को मुद्रित प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेज (प्रत्येक की 2 प्रतियाँ) जमा करने होंगे:

i. सुरक्षा स्थिति और पता लगाए गए जोखिमों और खामियों और संबद्ध जोखिम स्तरों के साथ मिसकनफिगरेशन और जोखिम कम करने के लिए अनुशंसित कार्यों के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट।

ii. सुरक्षा जोखिम, खामियों और आवश्यक प्रत्युत्तरात्मक उपाय और भादूविप्रा द्वारा उठाए जाने वाले सुधारात्मक कदमों की सिफारिश का सारांश और उस पर विस्तृत प्रतिवेदन।

iii. अंतिम सुरक्षा लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र एनआईसी मानकों के अनुपालन में होना चाहिए।

iv. सभी प्रतिदेय अंग्रेजी भाषा में और ए 4 साइज फॉर्मेट में होंगे।

v. विक्रेता को इस दस्तावेज़ के निबंधन और शर्तों के अनुसार प्रतिदेयों को जमा करने की आवश्यकता होगी।

**परिशिष्ट-III**

**(कंपनी के पत्रशीर्ष पर)**

सेवा में

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी-आईटी,
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण,
महानगर दूरसंचार भवन (जाकिर हुसैन कॉलेज के बगल में)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग (औल्ड मिन्टो रोड़) नई दिल्लीः 110002

विषयः सीएमएस पोर्टल, मायकॉल पोर्टल और लिंक शॉर्टनर पोर्टल की सुरक्षा ऑडिट करने के लिए वित्तीय बोली।

मैं/ हम निविदा दस्तावेज के अनुसार सीएमएस पोर्टल की सुरक्षा ऑडिट करने के लिए वित्तीय बोली प्रस्तुत करते हैं:

| कार्य का विवरण | राशि (रुपयों में) |
|---|---|
| (i) **सीएमएस पोर्टल http://cms.trai.gov.in**<br><br>**(ii) मायकॉल पोर्टल https:// mycall.trai.gov.in**<br><br>**(iii) लिंक शॉर्टनर पोर्टल https://link.trai.gov.in** | |
| कर (विनिर्दिष्ट करें) (......%) | |
| कुल योग | |
| ऱाशि शब्दों में (.............................रुपए) | |

नोट:

(क) वित्तीय बोली में केवल कीमतों के अलावा और कुछ नहीं होगा।

(ख) बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कीमतों के उद्धरण के बाद इस परिशिष्ट पर कंपनी की मुहर के साथ

हस्ताक्षरित है। कंपनी की मुहर और हस्ताक्षर के बिना प्रस्तुत वित्तीय बोली स्वीकारनहिं की जाएगी / विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक...............................

हस्ताक्षर:

नाम: _-

पदनाम:

कंपनी की मोहर



सील के साथ ईबी के हस्ताक्षर

परिशिष्ट- IV

## बोलीदाताओं के विवरण

| क्रम संख्या | विवरण | व्यौरा |
|---|---|---|
| 1. | बोलीदाता का नाम | |
| 2. | बोलीदाता का पूरा पता | |
| 3. | प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम | |
| 4. | अधिकारी का नाम और पता जिसे इस निविदा के संबंध में सभी संदर्भ भेजे गए हैं। | |
| 5. | टेलीफोन | |
| 6. | फैक्स सं. | |
| 7. | ई-मेल | |
| 8. | मोबाइल | |

हस्ताक्षरः

नामः

पदः

कंपनी की मुहर

सील के साथ ईबी के हस्ताक्षर

**अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।**